हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

10 मांगों को लेकर गरजे सफाई कर्मचारी, किया प्रदर्शन



12 बिना सरकारी मदद शहर को हरा-भरा बनाने में जुटे




PACE
GROUP OF INSTITUTIONS

हरियाणा में झज्जर,झज्जर में पेस,पढ़ाई में है सर्वश्रेष्ठ
Nursery - Class 12
• Science • Commerce • Humanities
Address:-Near Savera School, Arya Nagar, Jhajjar
+91 7419888021,22,23,24,25,26,27,28

SPECIAL COACHING
IIT, NEET, UPSC, CUET, CA, CLAT, NDA, IMO, KVPY, NTSE, RMO, VVM

Heartiest Congratulations
हम नहीं हमारा रिजल्ट बोलता है।
(LIMITED SEATS AVAILABLE)

पेस झज्जर या सीकर (क्यों पेस बेहतर हैं?)

1. परिणाम दर आईआईटी एडवांस परीक्षा के लिए पास होने की दर लगभग 7% (NTA) रहती हैं,सीकर में पढने वाले बच्चों की पास होने की दर लगभग 8% रहती हैं | सीकर से कहीं बेहतर है पेस झज्जर (पेस झज्जर का परिणाम दर 60 % जोकि सीकर के 8% से कहीं अधिक हैं|)
2. तीन साल से स्थिर अध्यापक, सीकर में नियमित बदलते रहते हैं अध्यापक |
3. घर के दरवाजे तक लाने और छोड़ने की सुविधा पुरे शहर में और 80 प्लस गाँवों में बस सुविधा उपलब्ध हैं| (सीकर में बच्चें माता-पिता से दूर पीजी में रहते हैं|)
4. फ़ोन पर कोई कार्य नहीं , एकेडमी में नियमित समाधान कक्षाएँ (सीकर में घर से दूर रहना पडता हैं|)
5. नियमित तौर पर हर महीने PTM की जाती है| ताकि बच्चों की पढ़ाई के बारे में माता-पिता को अवगत कराया जा सके | (सीकर में कोई PTM नहीं होती हैं)

'30 STUDENTS QUALIFIED OUT OF 45 FOR IIT ADVANCE' (IIT MAINS RESULTS-2026)

99.5 %ILE RUPESH (KHUNGAI)
99.30 %ILE REYANSH KATARIA (JJR)
99.04 %ILE NEEV (JHAJJAR)
98.70 %ILE MAHAK (JHAJJAR)
98.40 %ILE ABHISHEK (GUDDHA)
98.04 %ILE VANSHIKA (GOCHHI)
97.25 %ILE TANNU (PAHASOUR)
97.15 %ILE KANCHAN (JHAJJAR)
97 %ILE SIMRAN (JHAJJAR)
97 %ILE SAUMAY KADIAN (JJR)
96 %ILE NAMIT (KHARMAN)
95 %ILE DIVYA HOODA (JHAJJAR)
94 %ILE LOKESH (DHAUR)
94 %ILE DEEPANSHU (JHAJJAR)
94 %ILE PURAV (JHAJJAR)

CHEMISTRY(%ILE)

PERCENTILE 99.70 MAHAK (JHAJJAR)
PERCENTILE 99.7 RUPESH (KHUNGAI)
PERCENTILE 99.2 REYANSH KATARIA (JJR)
PERCENTILE 99.4 TANNU (PAHASOUR)
PERCENTILE 99.3 VANSHIKA (GOCHHI)
PERCENTILE 98.8 NEEV (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.4 SIMRAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.4 KANCHAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.5 ABHISHEK (GUDDHA)
PERCENTILE 96 NAMIT (KHARMAN)
PERCENTILE 95 DIVYA (JHAJJAR)
PERCENTILE 93 ADITYA (JHAJJAR)

PHYSICS(%ILE)

PERCENTILE 99.60 MAHAK (JHAJJAR)
PERCENTILE 99.6 RUPESH (KHUNGAI)
PERCENTILE 99.10 NEEV (JHAJJAR)
PERCENTILE 99 ABHISHEK (GUDDHA)
PERCENTILE 99 SIMRAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.60 REYANSH KATARIA (JJR)
PERCENTILE 96 DEEPANSHU (JHAJJAR)
PERCENTILE 95.3 SAUMAY KADIAN
PERCENTILE 95 KANCHAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 95 PURAV (JHAJJAR)
PERCENTILE 92 TANNU (PAHASOUR)

MATHS (%ILE)

PERCENTILE 99.9 RUPESH (KHUNGAI)
PERCENTILE 99 VANSHIKA (GOCHHI)
PERCENTILE 98.60 NEEV (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.20 REYANSH KATARIA (JJR)
PERCENTILE 98.10 ABHISHEK (GUDDHA)
PERCENTILE 96 KANCHAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 94 SAUMAY KADIAN
PERCENTILE 94 NAMIT (KHARMAN)
PERCENTILE 94 TANNU (PAHASOUR)

DROPPER BATCH ALREADY STARTED
1 WEEK DEMO FREE

अग्निशमन विभाग के समर्थन में किया जा रहा आंदोलन

# मांगों को लेकर गरजे सफाई कर्मचारी, काले बिल्ले व उल्टी झाड़ू के साथ किया प्रदर्शन

समाधान न होने के कारण कर्मचारी प्रदर्शन कारने को मजबूर



झज्जर। आंबेडकर चौक पर विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते हुए सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी अल सुबह करीब छह बजे नगर परिषद कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। इसके बाद वे काले बिल्ले लगाकर हाथों में उल्टी झाडू लिए हुए जुलूस की शक्ल में आंबेडकर चौक तक पहुंचे। अपनी लंबित मांगों और अग्निशमन विभाग के समर्थन में किए गए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने बताया कि सरकार उनकी लंबित मांगों का समाधान नहीं कर रही। इसलिए वे प्रदर्शन को मजबूर हैं। उनकी मुख्य मांगों में अनुबंध व आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम के लिए समान वेतन देने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करने, खाली पदों पर भर्ती, मेडिकल सुविधाएं, पुरानी पेंशन बहाली और बकाया भुगतान की मांग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे 24 व 25 अप्रैल को उल्टी झाड़ू करके विरोध प्रदर्शन करेंगे और 27 व 28 अप्रैल को आठ-आठ घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल करेंगे। यदि इस अवधि के दौरान भी कोई समाधान नहीं किया गया तो वे 1 व 2 मई को दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी। यदि फिर भी उनकी मांगे नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल को मजबूर होंगे। इस मौके पर इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, जिला सचिव गौरव टॉक, ऑडिटर कृष्ण, मुकेश, जितेंद्र, विकास, गुलाटी, शीतल, कमलेश, बबली, किरण, मनीषा, विनोद, बबीता, सुनीता, विद्या, राजेश, विक्रम, सूरज, शिब्बू, कुलदीप, अमित, महेश, विजय, दीपक, कृष्णा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## लंबित मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

झज्जर। रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता दिलबाग दलाल ने की व संचालन देवेंद्र सिंह यादव ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में दिलबाग दलाल ने कहा कि लोकसभा में जो वित्त विधेयक पास किया है, जिसमें कहा गया है कि दिसंबर 2025 से पहले जो कर्मचारी रिटायर हुआ उसकी पेंशन बंद करने में सरकार को काफी फायदा होगा। जबकी कर्मचारियों का कहना है कि पेंशन में कटौती बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। इसके उपरांत कर्मचारियों ने मेडिकल कैशलेस, 65 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत व 75 की आयु में 20 प्रतिशत मूल वेतन में बढ़ोतरी, कम्यूटेशन की राशि 11 वर्ष तक काटी जाने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, महंगाई भत्ते के 18 माह का बकाया का भुगतान ब्याज सहित, ट्रेन यात्रा, हवाई यात्रा, वोल्वो व एसी व प्राइवेट बसों के किराए में छूट आदि मांगों के संबंध में तहसीलदार शेखर नरवाल को अपना ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मास्टर बलबीर यादव, धर्मपाल अहलावत, जय प्रकाश गुप्ता, रमेश दलाल इंस्पेक्टर, रनवीर दलाल, राजेंद्र दलाल, मास्टर कर्मवीर सिंह, वीरभान राठी, शक्ति सिंह गुलिया, रामेश्वर बिरधाना, जयपाल गुढ़ा, आशा वर्कर यूनियन से प्रवेश मातनहेल, रमेश जाखड़, कैप्टन सतबीर सिंह, मास्टर फूल कुमार, ओम प्रकाश जेई, राम सिंह सुहाग, रोहतास सिंह, सुखवीर सिंह, जगमाल यादव, भूरे राम, सतवीर दहिया, जगबीर सोलंकी, नरेश कुमार, महावीर सिंह, मनफूल सिंह, मास्टर वीरेंद्र सिंह, अमर सिंह, राजेंद्र सिंह, अतर सिंह, सतीश अहलावत, ईश्वर बिरधाना, धर्मबीर राहड़, सतबीर सिंह, दलीप रावत, राजेंद्र शर्मा, धर्मपाल, रमेश कौशिक, सुरेंद्र सिंह, करण सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। धरना प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते रिटायर्ड कर्मचारी।

## अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल जारी



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर अग्निश्मन विभाग के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। हड़ताली कर्मचारी रोजाना धरना देकर अपनी मांग उठा रहे हैं। दूसरी तरफ सफाई कर्मचारी भी उनके समर्थन में लगातार सरकार का विरोध जता रहे हैं। दरअसल, फरीदाबाद के मुजेसर में आग के दौरान भवीचंद शर्मा व रणवीर सिंह कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी। उन्हें शहीद का दर्जा देने, परिवार को एक सरकारी नौकरी व एक करोड़ की आर्थिक सहायता देने तथा सभी कर्मियों को पक्का करने सहित अन्य मांग दमकल कर्मी उठा रहे हैं। गत आठ अप्रैल को प्रदेश के कई शहरों में यह हड़ताल शुरू हुई। बहादुरगढ़ में मंगलवार को भी कर्मचारी धरने पर बैठे और जोर शोर से अपनी मांग उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांग जायज है। जब तक मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी तरफ, सफाई कर्मचारी भी इनके समर्थन में है। सोमवार की तरह मंगलवार को भी सफाई कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर काम करते हुए विरोध जताया। अब 24 व 25 अप्रैल को उल्टी झाड़ू प्रदशन, 27 व 28 को आठ आठ घंटे की कार्मिक भूख हड़ताल की जाएगी।

# सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने किया पावर प्लांट का दौरा



झज्जर। प्लांट परिसर में उपस्थित कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव झाड़ली स्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट में केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग प्रतिनिधि मंडल का दो दिवसीय दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अवधेश कुमार यादव, मुख्य इंजीनियरिंग डिवीजन, सीईआरसी ने किया। प्रतिनिधि मंडल ने टॉरिफाइड बायोमास प्लांट साइट, टीपी 4 पैलेट फीडिंग सिस्टम और फ्ल्यू गैस डीसल्फराइजेशन कंट्रोल रूम का दौरा किया। उन्होंने पावर प्लांट के कर्मचारियों से संवाद किया और उन्हें निरंतर सुधार तथा सामूहिक योगदान के महत्व पर प्रेरित किया। पावर प्लांट अधिकारियों ने कंपनी की परिचालन स्थिति, चल रहे प्रोजेक्ट्स और भविष्य की रूपरेखा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान टीम सदस्यों ने अपने मूल्यवान सुझाव और रणनीतिक दृष्टिकोण भी साझा किए, जो संगठन के सतत विकास और ऊर्जा क्षेत्र की प्रगति में सहायक सिद्ध होंगे। इस मौके पर दिलीप कैबोर्ता, जयोतोष कुमार डे, मोहम्मद निजामुद्दीन, अतुल अग्रवाल, उमेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## अधिकारी-कर्मचारी स्व-गणना के साथ दूसरे लोगों को भी करें प्रेरित : डीसी



झज्जर। डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जनगणना-2027 को आधुनिक, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आगामी 30 अप्रैल तक स्व-गणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान जिला के सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी स्वयं स्वगणना के साथ साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नागरिक निर्धारित पोर्टल एसई. सीईएनएसयूएस. जीओवी.इन के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### युवक के साथ 58 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी

महम। महम में एक युवक से 58 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। गोयत पाना निवासी रितिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने पासपोर्ट बनवाया हुआ है और उसके आने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें कॉलर ने कहा कि उसका पासपोर्ट होल्ड पर है और एड्रेस अपडेट कराने के लिए एक अन्य नंबर पर 2 रुपये भेजने को कहा। रितिक ने 2 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके तुरंत बाद मोबाइल ब्लैक हो गया और करीब 30 मिनट तक काम नहीं किया।

### यूजी/पीजी की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने यूजी/पीजी की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि यूजी/पीजी की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 मई से 15 मई तक आयोजित की जाएंगी। प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट विवि वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### भूगोल विभाग आज मनाएगा पृथ्वी दिवस

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से विभाग में प्रारंभ होगा।

# नगर परिषद झज्जर वार्ड 13 उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

- नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी
- नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। रितु बंसीवाल, सीटीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी, झज्जर।

राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर परिषद झज्जर के वार्ड नंबर 13 के लिए उप चुनाव आगामी 10 मई को होगा। उपचुनाव के दृष्टिगत नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो चुकी है जोकि 25 अप्रैल तक चलेगी चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार 25 अप्रैल शनिवार तक नामांकन कर सकते हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम रीतू बंसीवाल ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को की जाएगी और उम्मीदवार 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं, जिसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को ही प्रतियोगी उम्मीदवारों और पोलिंग स्टेशन की लिस्ट चस्पा कर दी जाएगी। मतदान 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर होगा।

# महिला थाना प्रभारी ने छात्रों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना में महिला थाना प्रभारी किरण ने विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण एवं महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर क्राइम, नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ट्रिप मॉनिटरिंग मुहिम के बारे में बताया कि जब भी आप घर से बाहर निकलती है तो इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को डायल 112 पर कॉल कर अपनी यात्रा का विवरण बताना है।



### साइबर क्राइम के बारे में भी किया सचेत

112 टीम ने महिला के फोन पर व्हाट्सएप मैसेज भेजा जाएगा, जिस पर उसे अपनी लोकेशन शेयर करनी होगी। हरियाणा पुलिस महिला की यात्रा शुरू होने से उसे सुरक्षित अपने गंतव्य पर पहुंचने तक उसकी यात्रा को मॉनिटर करेगी। अगर इस यात्रा के दौरान उसे किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा संबधी परेशानी होती है तो उसे तुरंत पुलिस मदद दी जाएगी। वहीं उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभाव के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि हमें कभी भी नशा नहीं करना चाहिए नशा एक विनाश का दूसरा रूप है। वहीं उन्होंने बताया कि अगर आपके नजदीक कोई नशीले पदार्थ की खरीद फिरौख्त करता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें, जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# एमडीयू में 22 एकड़ जमीन कोर्ट परिसर को देने के विरोध में कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय की 22 एकड़ जमीन जिला कोर्ट परिसर के लिए चिन्हित किए जाने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रोफेसर मिलाप पूनिया से मुलाकात कर हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन के इस निर्णय पर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

इससे पूर्व, विवेकानंद लाइब्रेरी में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों छात्रों ने हिस्सा लेकर सरकार के इस कदम की निंदा की। यूनिट अध्यक्ष और सचिव उज्ज्वल ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय की जमीन इसी तरह बांटी गई, तो भविष्य में विभागों के विस्तार, नई लैब और खेल के मैदानों के लिए जगह नहीं बचेगी। उन्होंने इसे शिक्षा और संस्थान के विकास पर सीधा हमला बताया। विश्वविद्यालय की जमीन को गैर-शिक्षण कार्यों के लिए देने पर तुरंत रोक लगे।



# 125 गांव, 6 कॉलोनी, 16 वार्ड व 14 सोसायटी नशा मुक्त घोषित

## जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डीसी ने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है। जिला प्रशासन का दायित्व बनता है कि समाज की मुख्यधारा से भटक कर नशा के एडिक्ट हुए युवाओं को फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल करें। इसके लिए सभी विभागों को मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बिना डॉक्टर की पर्ची के किसी प्रकार दवाई न दी जाए। उन्होंने कहा कि नशे के आदी हो चुके युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलवाने के लिए प्रभावी योजना तैयार करते हुए कार्य करें व पुलिस द्वारा नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिला के 125 गांव, छह कालोनी,16 वार्ड और 14 सोसायटी नशा मुक्त हो चुकी हैं।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

# शिविर में ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच



झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे ग्रामीण।

झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव खातीवास में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर रजत गुप्ता ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई।

# विद्यार्थियों को दी एल्बेंडाजोल दवा के फायदों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सासरौली में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पेट के कीड़ों से होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के प्रति जागरुक किया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यालय में उपस्थित 208 विद्यार्थियों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, बेहतर पोषण और स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर कृमि मुक्ति आवश्यक है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर से डॉक्टर राजेश सिंगला और बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व और दवा के फायदों बारे विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ने की। इस मौके पर शिक्षक सत्यवान, निशा और संध्या सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। विद्यार्थियों में एल्बेंडाजोल दवा वितरित करते हुए डॉक्टर राजेश सिंगला।

## एल्बेंडाजोल खिलाकर की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की शुरुआत

# कृमि संक्रमण बच्चों में एनीमिया, कुपोषण और पढ़ाई में कमजोरी का कारण बनता है : डॉ. दुबे

स्वच्छता, हाथ धोने की आदत और टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ एडीसी जगनिवास और सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान ने किया। मुख्यातिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। उप सिविल सर्जन डॉक्टर बसंत दुबे ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों में एनीमिया, कुपोषण और पढ़ाई में कमजोरी का कारण बनता है। उन्होंने स्वच्छता, हाथ धोने की आदत और टीकाकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। एडीसी ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और अन्य स्थानों पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा देना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा वंचित न रहे।



झज्जर। विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल खिलाते हुए डीईईओ राजबाला मलिक।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एडीसी जगनिवास।

### एल्बेंडाजोल पूरी तरह सुरक्षित

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में 3 लाख से अधिक बच्चों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। जो बच्चे इस अभियान में वंचित रह जाते हैं उन्हें 5 मई तक चलने वाले मॉप-अप अभियान में शामिल किया जाएगा। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि एल्बेंडाजोल पूरी तरह सुरक्षित है और इसे आयु के अनुसार दिया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दवा अवश्य दिलवाएं और स्वच्छता अपनाकर उन्हें स्वस्थ रखने में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं को सरकारी नीतियों की जानकारी दी

**झज्जर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भजन पार्टियां गांव-गांव पहुंचकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं और नीतियों का प्रचार कर रही हैं। विशेषकर महिलाओं से जुड़ी योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को रूबरू कराया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को गांव छपार व सरोला में सत्यवान एंड भजन पार्टी, गांव खरमान व सलौधा में अशोक एंड भजन पार्टी, गांव खानपुर कलां व बहू में सतबीर एंड भजन पार्टी, गांव खातीवास व कड़ौदा में रामबीर एंड भजन पार्टी तथा गांव दरियापुर व माजरी में पूनम एंड भजन पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गीतों के माध्यम से सरल व प्रभावी तरीके से नारी शक्ति के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

### बास्केटबॉल टीम का ट्रायल 26 अप्रैल को

**बहादुरगढ़।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ झज्जर द्वारा वर्ष 2026-27 की जूनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप टीम के चयन के लिए ट्रायल रविवार 26 अप्रैल को शाम 4 बजे डीघल के राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित होंगे। एसोसिएशन उपाध्यक्ष गौरव सांगवान के अनुसार 1 जनवरी 2008 या उसके बाद जन्में खिलाड़ी ही ट्रायल में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया गया कि 58वीं हरियाणा जूनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप 8 से 10 मई तक रोहतक के किलोई स्थित शिव मेमोरियल बास्केटबॉल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

### आज पूर्व केंद्रीय मंत्री लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**झज्जर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह बुधवार को रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटूराम धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। दोपहर बाद करीब चार बजे वे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा के संबंध में झज्जर व बादली हलके के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपेंगे।

आढ़तियों ने ठेकेदार पर लगाया पर्याप्त गाड़ियां मुहैया न करवाने का आरोप

# मंडी में गेहूं उठान में आई तेजी पर कम पड़ने लगीं गाड़ियां

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड और हरियाणा राज्य भंडारण निगम को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निरंतर हो रही आवक के बाद जहां अनाजमंडी गेहूं की फसल से अटी पड़ी है वहीं अब उठान कार्य में भी तेजी आने लगी है। श्रमिक दिनभर उठान कार्य में लगे नजर आए। विभागीय आंकड़ों के अनुसार स्थानीय अनाजमंडी में अभी तक करीब साढ़े छह लाख क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है। आढ़तियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से धीमी गति से चल रहे उठान कार्य के कारण अनाजमंडी में गेहूं की भरमार है। वे श्रमिक लगाकर लगातार फसल की पैकिंग कराने व उठान कार्य में जुटे हैं। अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान चांद पहलवान ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित की गई खरीद एजेंसी वेयर हाउसिंग के ठेकेदार के पास उठान कार्य के लिए पर्याप्त गाड़ियां नहीं है। समित गाड़ियों के कारण फसल उठान में परेशानी आ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि ठेकेदार को इस बारे समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जाएं ताकि वे अपना काम सुचारू रूप से कर पाएं। उधर, जिले की अनाज मंडियों में गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन भी सक्रिय है।

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड और हरियाणा राज्य भंडारण निगम सहित सभी एजेंसियों को तय समय सीमा में खरीद व उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले की मंडियों में अब तक 2,15,576 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जिसमें से 1,18,590 मीट्रिक टन से अधिक की खरीद हो चुकी है।





झज्जर। फसल पैकिंग व उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

### अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जारी

**बहादुरगढ़।** इलाके की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। मंगलवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 24 गेट पास जारी होने के बाद 891 क्विंटल गेहूं आया, जबकि आसौदा की मंडी में 96 गेट पास कटने के बाद 3808 क्विंटल गेहूं आया। अब तक बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 15856 क्विंटल तो आसौदा की मंडी में 130461 क्विंटल गेहूं आ चुका है। दोनों मंडियों में कुल मिलाकर 111290 क्विंटल सरकारी खरीद हो चुकी है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 37.78 तो आसौदा की मंडी में 43.61 उठान हुआ है।

## खेल के साथ व्यवसायिक विचार प्रस्तुतियों से जाना प्रबंध कौशल




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में स्टाफ के साथ कॉमर्स की छात्राएं।

- गर्ल्स कॉलेज में हुआ कॉमर्स कार्निवल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स कार्निवल का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने रचनात्मकता, प्रबंधन कौशल तथा उद्यमशीलता की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया। कार्निवल में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए। खेल गतिविधियां, व्यवसायिक विचार प्रस्तुतियां तथा विपणन से संबंधित गतिविधियां हुईं। प्राचार्या अल्का गुलाटी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कहा कि वास्तविक जीवन से जुड़े व्यावसायिक कौशल विकसित करने के जीवन में खूब लाभ होते हैं। शिक्षकों ने भी स्टॉलों का अवलोकन किया। बिजनेस पिच के दौरान छात्राओं ने अपने उद्यमशील विचारों को निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ शिल्पा ने आयोजन समिति के विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। वाणिज्य विभाग की डॉ शीतल, डॉ ललिता व मीरा ने कार्निवल में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके अनुसार कॉमर्स कार्निवल ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, संचार कौशल और प्रबंधकीय क्षमताओं को भी सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में संगीता, डॉ आशिमा, ज्योति, शीतल, आरती, डॉ रितु व डॉ रीना आदि मौजूद रहीं।

## दंगल में दमखम दिखाने वाले पहलवानों का अभिनंदन

- दंगल में रजत रुहल ने हासिल किया पहला स्थान, मिला ढाई लाख रुपये का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा आयोजित स्व. रामकिशन स्मृति गोल्ड कप व भारतीय रुस्तमें मल्ल योद्धा दंगल में बहादुरगढ़ के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली के लाल किला के सामने स्थित एमसीडी पार्क में हुए इस दंगल में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवानों ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल कर परचम लहराया। इन पहलवानों का सोनू अखाड़े में अभिनंदन किया गया।

दंगल में रजत रुहल ने पहला स्थान प्राप्त कर ढाई लाख रुपये, मोटरसाइकिल और गुर्ज अपने नाम किया। वहीं अमन लकड़िया दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें डेढ़ लाख रुपये का पुरस्कार मिला। तीसरे स्थान पर रहे हरदीप को एक लाख रुपये से सम्मानित किया गया। अर्जुन अवार्डी कोच धर्मेंद्र पहलवान ने बताया कि एक ही अखाड़े के तीन पहलवानों का शीर्ष स्थानों पर रहना गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रदर्शन से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलती है और प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ता है। इसके साथ ही हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पांच पहलवानों का चयन अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनमें 43 किलो फ्री स्टाइल में दीक्षा दलाल, 60 किलो में नितेश, 110 किलो में प्रिंस कालीरमण, 48 किलो ग्रीको रोमन में मोनू और 71 किलो ग्रीको रोमन में पुष्पेंद्र दहिया शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी 28 से 30 अप्रैल तक महाराष्ट्र में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विजेता और चयनित पहलवानों को अर्जुन अवार्डी ओमबीर पहलवान, हिंद केसरी सोनू पहलवान सहित कोचिंग स्टाफ और कुश्ती प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।

नशीले पदार्थों को नष्ट करने के लिए किया जाता है कमेटी का गठन

## पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए नशीले पदार्थों को किया नष्ट

- नशीली वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज 41 मामलों में जब्त किया था नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को एनडीपीएस एक्ट अधिनियम के तहत पुलिस विभाग द्वारा जब्त किए गए नशीले पदार्थों को एसडी बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बालंद में नष्ट किया गया। पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशीली वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज करीब 41 मामलों में जब्त किए गए नशीलों पदार्थों को एसडी बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बालंद में नष्ट किया गया। इस प्रकार के नशीले पदार्थों को नष्ट करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एक कानूनी प्रक्रिया के तहत एक कमेटी का गठन किया जाता है। जिनकी अध्यक्षता में एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़े गए नशीले पदार्थ को पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह की अध्यक्षता में एसडी बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बालंद में 13 किलो 525 ग्राम चरस, 20 किलो 865 ग्राम गांजा, 245 ग्राम हैरोइन, 1 किलो 480 ग्राम खसखस का भूसा, 48 नशीली इंजेक्शन, 21 नशीली टैबलेट, कैप्सूलों को नष्ट किया गया। इस दौरान डीसीपी हेड क्रवाटर दीप्ति गर्ग, एसीपी हैडक्वाटर अनिरुद्ध चौहान, स्टेट क्राइम ब्रांच गुरुग्राम डीसीपी नवीन शर्मा, जिला मोर्हर मालखाना सहायक उप निरीक्षक विक्रम कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।



झज्जर। नशीले पदार्थों को नष्ट करने से पूर्व कागजी प्रक्रिया पूरी करते पुलिस अधिकारी।

## डीसी ने चिह्नित अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी।

**झज्जर।** मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में चिह्नित अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना है। उन्होंने चिह्नित अपराध से जुड़े मामलों और संवेदनशील कानूनों के तहत दर्ज केसों की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित कर उनकी सुनवाई और निपटान में तेजी लाई जाए। साथ ही गवाहों को समय पर समन भेजने तथा जांच अधिकारी की अदालत में उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



बहादुरगढ़। प्रशिक्षण प्राप्त करतीं स्वयंसेविकाएं व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेविकाओं और स्टाफ को दिया डिजिटल जनगणना का प्रशिक्षण

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में डिजिटल जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 अप्रैल से शुरू हुए हैं। अब तक 8 बैचों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रतिभागियों को क्रमबद्ध रूप से डिजिटल जनगणना की प्रक्रियाओं, तकनीकी उपकरणों एवं व्यवहारिक पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत 1 मई से 15 मई तक डिजिटल सूचीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएड व एमएड स्वयंसेविकाओं को भी इस प्रक्रिया से जोड़ा गया है। प्रतिभागियों को गोपनीयता, फील्ड प्रोटोकॉल तथा सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नगर परिषद के भूमि अधिकारी नीरज कुमार के समन्वय में डॉ. प्रदीप कुमार व भूपेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया।

## बहादुरगढ़ माइनर की दीवार बननी शुरू

- एक सप्ताह में बनकर तैयार हो जाएगी माइनर की दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-7 और महावीर पार्क के बीच से गुजर रही बहादुरगढ़ माइनर की टूटी दीवार की सुध ले ली गई है। अब यहां नए सिरे से दीवार बनाई जा रही है। अगले सप्ताह भर में काम पूरा होने की उम्मीद है।

दरअसल, नहर की पुलिया के पास माइनर की दीवार पुरानी होने के कारण गिर गई थी। सोमवार को यहां काम शुरू हो गया। करीब 110 फुट की एक साइड की दीवार और बेड तैयार किया जा रहा है। एसडीई नवीन का कहना है कि समय समय पर नहर की मरम्मत का कार्य किया जाता है। फिलहाल पुलिया के पास दीवार बनाई जा रही है। आगे जरूरत पड़ने पर और काम भी करा दिया जाएगा। माइनर में कचरा डालने वालों को चेतावनी देते हुए एसडीई ने कहा कि इस दिशा में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही माइनर के आसपास चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे। गश्त भी बढ़ाई जाएगी। जो कचरा डालता मिलेगा, उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। आम नागरिकों से भी अपील है कि यदि उन्हें कोई कोई माइनर में कचरा डालता नजर आए तो उसकी जीपीएस कैमरे से फोटो लेकर विभाग को दें। इसके बाद विभाग जुर्माना तो लगाएगा ही, पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी।



बहादुरगढ़। माइनर की दीवार बनाने का चल रहा कार्य। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। धरती बचाने के लिए वचन लिखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हरदयाल स्कूल में धरती बचाने का लिया प्रण

**बहादुरगढ़।** हरदयाल पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस सप्ताह के अंतर्गत एक प्रण धरती के नाम लिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव, श्रुति यादव, सुनील कुमार व प्रधानाचार्य अंशु यादव ने भी अभिभावकों के साथ मिलकर धरती बचाने का प्रण लिया। सप्ताह भर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, वेस्ट से उपयोगी क्राफ्ट बनाने, विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाने, विशेष प्रार्थना सभा, नुक्कड़ नाटक करने जैसी रचनात्मक एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा जूट के बैग भी बनवाए गए। कार्यक्रम के दौरान पानी बचाने, पशु-पक्षियों की रक्षा करने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, पक्षियों को दाना-पानी देने प्रतिदिन एक घंटे के लिए बिजली बंद रखने आदि संकल्प लिए। सभी ने संकल्प लिया कि वे धरती को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित बनाने में अपना योगदान देंगे।

बाबा साहेब के परपौत्र ने स्वावलंबन सम्मेलन में लिया हिस्सा

## आंबेडकर ने किया संविधान की रक्षा करने का आह्वान

*रिपब्लिकन पार्टी के युवा नेता अमन आनंद राज आंबेडकर ने लोगों को किया संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परपौत्र एवं रिपब्लिकन पार्टी के युवा नेता अमन आनंद राज आंबेडकर ने मंगलवार को सेक्टर-7 स्थित फौजी प्रॉपर्टीज में आयोजित स्वावलंबन सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संविधान की रक्षा करने का आह्वान किया।



बहादुरगढ़। डॉ. फौजी व उनके पिता के साथ अमन आनंद राज आंबेडकर।

### बहुजन समाज को स्वावलंबी बनाना जरूरी

अमन आनंद राज आंबेडकर का आयोजक डॉ. फौजी ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान डॉ. फौजी के पिता का कुशलक्षेम भी जाना और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी रही। इस अवसर पर जीएस जांगड़ा, कैप्टन अभिषेक, विशाल सिंह सरोहा, आईएस भोला, राज कपूर सहित अनेक लोगों ने अमन आनंद राज आंबेडकर का स्वागत किया। अमन आनंदराज आंबेडकर ने कहा कि बहुजन समाज को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना जरूरी है। सामाजिक और राजनीतिक एकजुटता को मजबूत करना होगा। भारतीय संविधान का संरक्षण करना और इसके प्रति जनजागृति फैलाना हमारा कर्तव्य है। डॉ. फौजी ने बताया कि अमन आंबेडकर स्वावलंबन को बढ़ावा देने और संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगातार देश में कार्यक्रम कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने समाज में एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति सजग रहने पर जोर दिया।

## एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डिबेट कंपीटिशन, विजेता किए गए पुरस्कृत

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच डिबेट कंपीटिशन कराया गया। प्राचार्या निधि कादियान ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनको सर्टिफिकेट प्रदान किए। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने डिबेट कंपीटिशन में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, प्रबंधक केएम डागर, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**सूचना**

मैं, ओमचन्द पुत्र श्री जयलाल निवासी कुलासी (30), तहसील बहादुरगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### लाखों रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर क्राइम की एक टीम द्वारा पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रबंधक साइबर क्राइम निरीक्षक सोमवीर ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई अनिल कुमार की टीम ने एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहित निवासी राजेंद्र पार्क गुरुग्राम के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जिला स्तरीय चेस चैंपियनशिप 26 को

**बहादुरगढ़।** जिला झज्जर चेस एसोसिएशन द्वारा 26 अप्रैल को बिरला ओपन माइंड स्कूल परिसर में चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीबी कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में शतरंज खेल को बढ़ावा देना और नए खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है। विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि से पूर्व अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। आगामी 9 व 10 मई को अंडर 9 व 15 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय चैस चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

### नांदेड़ साहेब की यात्रा के लिए पंजीकरण 30 तक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र ने बताया कि हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए पांच मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन संचालित की जाएगी। इस विशेष ट्रेन को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि निशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण की तिथि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

### क्रिकेट टीम का चयन 24 अप्रैल को

**बहादुरगढ़।** जिले की अंडर 16 क्रिकेट टीम का चयन 24 अप्रैल को किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया बहादुरगढ़ के सेक्टर 9ए में स्थित झज्जर क्रिकेट ग्राउंड में होगी। जिला क्रिकेट संघ झज्जर के डायरेक्टर देवेन राठी ने बताया कि खिलाड़ियों को सुबह सात बजे उपस्थिति दर्ज करानी है। तमाम जरूरी दस्तावेज व पूर्ण किट के साथ पहुंचना अनिवार्य है।

## विश्व पृथ्वी दिवस आज : धरती बचाने की मुहिम में उम्मीद की किरण बनकर उभरे प्रकृति प्रेमी

# बिना सरकारी मदद शहर को हरा-भरा बनाने में जुटे

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

आज के समय में बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखते जल स्त्रोत और बदलता मौसम इस बात का संकेत हैं कि इंसान अपनी सीमाएं पार कर चुका है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने धरती को अंदर से खोखला कर दिया है। लेकिन इसी अंधेरे के बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो उम्मीद की रोशनी बनकर सामने आए हैं। ये लोग बिना किसी सरकारी मदद के पेड़-पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। जल संरक्षण के लिए अभियान चला रहे हैं, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता फैला रहे हैं। आमजन को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की सीख दे रहे हैं। ये लोग अपने कीमती समय, मेहनत और संसाधनों को लगाकर धरती को बचाने की जंग लड़ रहे हैं। ये लोग न केवल पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर उदाहरण भी पेश करते हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो बिना किसी स्वार्थ और प्रचार के चुपचाप अपना काम कर रहे हैं। यह कहानी केवल कुछ लोगों की नहीं, बल्कि एक संदेश है कि अभी भी वक्त है, संभल जाएं और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इस धरती को सुरक्षित रखें।

### क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने 21 जगहों पर एक लाख से अधिक पौधे लगा हरियाली का दिया संदेश


बहादुरगढ़। प्रदीप रेढ़ू के साथ पौधे लगाते क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्य।

शहर में करीब 21 जगहों पर जनसहयोग से एक लाख से अधिक पौधे लगाने वाले क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्य खाली जगह देखते ही उसे हरा-भरा बनाने में जुट जाते हैं। वजीर सिंह दहिया सरीखे अनेक प्रकृति प्रेमी पौधे लगाने के साथ नियमित पानी देते और उनकी देखभाल करते हैं। ट्रस्ट ने बीते 11 सालों में 7 बड़ी साइट्स विकसित की हैं। ट्रस्ट के सभी सक्रिय सदस्य दिन-रात पौधरोपण के जरिए धरती मां की सेवा में जुटे हैं। लोगों से प्लास्टिक छोड़ने की भी गुहार लगा रहे हैं। नौकरी के बीच पर्यावरण को समर्पण भाव से समय देने वाले प्रदीप रेढ़ू जैसे लोग साबित कर रहे हैं कि अगर इरादा मजबूत हो, तो धरती को बचाना नामुमकिन नहीं।

### छोटी पहल से बड़े बदलाव संभव : डॉ. जैन


डॉ. अजय जैन।

मिशन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अजय जैन मानते हैं कि पर्यावरण के प्रति यह जिम्मेदारी केवल सरकार या किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की है। अगर हर इंसान छोटी-छोटी पहल करे, तो बड़े बदलाव संभव हैं। सेवानिवृत्त एसडीओ मुकेश शर्मा के अनुसार हमें सोच बदलने और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। वे मानते हैं कि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है।


सेवानिवृत्त एसडीओ मुकेश शर्मा।

### स्टेडियम में वीराने को हरियाली में बदला



मॉडल टाउन निवासी सत्यपाल सिंह मलिक ने अपने बूते ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम के वीराने को हरियाली में बदल दिया है। शास्त्री जी के नाम से विख्यात सत्यपाल सिंह मलिक ने हाई स्कूल की सरकारी जमीन पर दर्जनों पेड़ लगाकर-संभालकर मिसाल कायम की है। संस्कृत में एमए और बीएड करने वाले मलिक दिल्ली में बतौर पीजीटी अध्यापक कार्यरत थे। वे दिल्ली के रानीखेड़ा स्कूल से 2016 में वाइस प्रिंसिपल के पद पर सेवानिवृत्त हुए थे।

### पर्यावरण प्रेमियों को भेंट करते हैं पौधे



पूर्व पार्षद वजीर सिंह राठी भी पर्यावरण की अलख जगा रहे हैं। वे पौधों को तैयार कर संस्थाओं को दान कर रहे हैं। राठी के अनुसार प्रकृति का संतुलन बरकरार रखने के लिए हमें हरियाली पर जोर देना होगा। न केवल पौधे लगाने हैं, बल्कि पेड़ बनने तक उनका संरक्षण भी करना होगा। वे गत कई सालों से पौधे तैयार करके पर्यावरण प्रेमियों को भेंट कर रहे हैं। हजारों पौधे अब पेड़ बन चुके हैं।

## ओमेक्स में रैंप व चबूतरों पर चला बुल्डोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर रोड स्थित ओमेक्स परिसर में मंगलवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक मकानों के बाहर बने रैंप और चबूतरे ध्वस्त कर दिए। यह कार्रवाई पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में की गई। अभियान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार के नेतृत्व में चलाया गया।

टीम में डीटीपी विभाग के एटीपी सतीश, जेई सुमित व दर्शन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन मौके पर तैनात पुलिस बल के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। अधिकारियों ने साफ किया कि यह अभियान हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत सख्ती से जारी रहेगा। नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार ने बताया कि क्षेत्र में जहां भी अवैध रैंप और चबूतरे बनाए गए हैं, उन्हें हटाया जाएगा। साथ ही बुधवार को भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। पूरे इलाके में अवैध कब्जों की पहचान कर हटाने का अभियान चलाया जाएगा।

### बिना सिलेंडर डिलिवरी आया मैसेज, डीएफएससी को शिकायत

**बहादुरगढ़।** छारा गांव के पंचायत सदस्य मास्टर अनिल दलाल ने झज्जर की एक गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए विभाग से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिना ओटीपी सत्यापन और बिना सिलेंडर पहुंचाए डिलीवरी दिखाना उपभोक्ता अधिकारों का सीधा उल्लंघन है और यह गंभीर जांच का विषय है।

उन्होंने बताया कि उनकी मां के नाम पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन है। लेकिन पिछले महीने भी बिना ओटीपी वेरिफिकेशन और बिना घरेलू गैस सिलेंडर की वास्तविक डिलीवरी हुए मोबाइल पर संदेश भेज दिया गया कि सिलेंडर उपभोक्ता को प्राप्त हो गया है। अब एक बार फिर 20 अप्रैल को इसी प्रकार के संदेश प्राप्त हुए, जिनमें सिलेंडर डिलीवरी दर्शाई गई। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत डीएफएससी को भेजी है।

## गर्भवती महिला की मौत पर जताई दहेज हत्या की आशंका, 7 पर केस

- किला मोहल्ला में फंदे पर लटकी मिली प्रीति, साढ़े चार महीने पहले हुई थी शादी
- मायके पक्ष की शिकायत पर पति, सास, ससुर सहित अन्य लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

किला मोहल्ला में संदिग्ध परिस्थितियों में एक गर्भवती महिला का शव फंदे पर लटकता मिला। आत्महत्या की बात सामने आई है, हालांकि मायके पक्ष ने हत्या की शंका जाहिर करते हुए पति सहित अन्य ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। फिलहाल सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान करीब 25 वर्षीय प्रीति के रूप में हुई है। प्रीति दिल्ली की रहने वाली थी। गत 6 दिसंबर को उसकी शादी किला मोहल्ला के निवासी सागर से हुई थी। वह कुछ महीने के गर्भ से थी। मंगलवार की अलसुबह उसका शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जैसे-तैसे दरवाजा खोला गया। एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया और मायके पक्ष को सूचित किया गया। मायके पक्ष के लोगों ने प्रीति की मौत के लिए उसके पति, सास, ससुर सहित अन्य को जिम्मेदार ठहराया।

### गर्भवती होने पर भी मारपीट के आरोप

आरके पुरम के निवासी नरेंद्र ने कहा कि शादी के बाद से ही उनकी भतीजी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। गाड़ी व आभूषण आदि की डिमांड की जाती थी। गर्भवती होने के बाद भी उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती रही। यह आत्महत्या नहीं बल्कि प्रीति और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की दोहरी हत्या है। पिछले सप्ताह भी उसके साथ मारपीट की गई थी। मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, सिटी पुलिस ने पति, सास, ससुर, देवर, दो ननदों और बुआ आदि सात आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## दिन के साथ रात में भी सताने लगी गर्मी, अब लू चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को दिन के समय तेज धूप और गर्म हवा का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 26 डिग्री के करीब पहुंच गया। दोपहर के समय तेज धूप के चलते सड़कों पर आवाजाही कम देखने को मिली। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। साथ ही लू चलेगी। गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए डॉक्टरों ने भी लोगों को दिन के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## अकेहड़ी मदनपुर में दुकान में लगी आग, भारी नुकसान

- दुकान में रखे तीन डी-फ्रिज, चार छोटे फ्रिज, दो एसी व एक इनवर्टर जलकर क्षतिग्रस्त हो गए, नकदी भी जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर में मंगलवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे अज्ञात कारणों के चलते एक दुकान में आग लग गई। इस आगजनी की घटना में जहां दुकान में रखा अधिकांश सामान क्षतिग्रस्त हो गया वहीं गल्ले में रखी कुछ नकदी भी जल गई।

पीड़ित दुकानदार हरीश ने फायर ब्रिगेड में दी जानकारी में बताया कि उसने गांव में कैफे की दुकान खोल रखी है। अचानक दुकान में आग लग गई है। इसके बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखे तीन डी-फ्रिज, चार छोटे फ्रिज, दो एसी व एक इनवर्टर जल कर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा गल्ले में रखी कुछ नकदी भी झुलस गई। ऐसे में उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।


झज्जर। दुकान में लगी आग को बुझाने पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## सफलता | जिले के होनहारों ने जेईई मेंस की परीक्षा में दिखाई प्रतिभा

### एचडी के 3 छात्रों ने हासिल किए 99 परसेंटाइल


झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिहन बनाते हुए होनहार विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी स्कूल साल्हावास के विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के 3 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक तथा 21 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्या प्रीति राठी ने बताया कि विद्यालय के छात्र भवी मान ने 99.44 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि विनीत गर्ग ने 99.15 तथा हेमंत शर्मा ने 99 परसेंटाइल प्राप्त किए। इनके अलावा पायल ने 98.3, पुष्कर ने 98.29, पायल ने 98.27, साक्षी ने 98, मानसी ने 97.2 व खुशी ने 96 परसेंटाइल प्राप्त किए। इसी कड़ी में प्रतीक जाखड़ा, अभिषेक, नवदीप यादव, जितिन, सार्थक, आर्यन, साहिल व वंशुल ने 93 परसेंटाइल से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की जबकि यश पूनिया, तनवी, अमन कुमार व गौरव ने 90 परसेंटाइल प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एसआर सेंचुरी स्कूल के चार छात्रों ने जेईई मेंस में बाजी मारी



**बहादुरगढ़।** एसआर सेंचुरी स्कूल के चार होनहार छात्रों ने जेईई मेंस में बाजी मारते हुए जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। प्रिंसिपल वीएन झा ने बताया कि एसआर सेंचुरी स्कूल के वंश शर्मा, हर्षित, शिवेश व सत्यव्रत ने जेजेई मेंस में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इन चारों छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल समन्वयक हरीश शर्मा ने बताया कि इन चारों छात्रों ने 95.6 से ज्यादा परसेंटाइल लेकर जेईई मेंस को क्वालीफाई किया है। उनकी सफलता से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्कूल निदेशक संजीत राठी ने चारों विद्यार्थियों को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई देते हुए जेईई एडवांस में भी शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।



झज्जर। होनहारों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए निदेशक जय विकास।

### पेस के छात्र रूपेश ने पाए 99.5 परसेंटाइल

**हरिभूमि न्यूज/झज्जर।** जेईई मेंस के घोषित परिणामों में पेस संस्थान के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। संस्थान के छात्र रुपेश ने 99.5 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान में पहला स्थान हासिल किया। उसने गणित में 99.9, भौतिकी में 99.7 तथा रसायन विज्ञान में 99.6 परसेंटाइल हासिल की। इसके अलावा रेयांश कटारिया, नीव, महक, अभिषेक, वंशिका, तन्नू, कंचन, सिमरन व सौम्य ने 97 परसेंटाइल से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। संस्थान निदेशक जयविकास ने बताया कि उनके संस्थान से 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा क्वालिफाई की है जिसमें 10 विद्यार्थियों ने 97 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए। इनके अलावा अन्य होनहार विद्यार्थियों में नमित, दिव्या, लोकेश, दीपांशु, पूर्व, रितिक, वंश कादियान आदि शामिल हैं। इस उपलब्धि पर चेयरमैन युद्धवीर, प्रबंध निदेशक संदीप, हरीश, सुमित चावला व अश्विनी ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## होटल के बाहर गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग व रुपये चोरी

- बहन की शादी के लिए पिंड ब्लूची होटल आए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली रोड पर गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। अब यहां मेट्रो पिलर 866 के पास स्थित होटल के बाहर गाड़ी के शीशे तोड़कर कपड़ों से भरे दो बैग व नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सिटी पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में विकास नगर के निवासी विशाल का कहना है कि मेरी बहन की शादी का कार्यक्रम यहां रोहतक-दिल्ली रोड स्थित पिंड ब्लूची होटल में था। हमारा पूरा परिवार यहां समारोह में आया हुआ था। मैंने अपनी सिलेरियो कार होटल के बाहर सड़क किनारे खड़ी की थी। गाड़ी में शादी से संबंधित कपड़ों से भरे दो बैग व पांच हजार रुपये की नकदी थी। जब हमारे परिवार के सदस्य नीचे आए तो उन्हें गाड़ी का ड्राइवर साइड की पिछली सीट का शीशा टूटा हुआ नजर आया। इसके बाद हम भी मौके पर आए तो देखा कि गाड़ी से दोनों बैग गायब थे। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। विशाल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।